# UP Police Constable 2013 Question Paper

## भाग – 1 : सामान्य ज्ञान एवं सामयिक विषय

1. निम्नलिखित में से किस नदी का उद्गम भारत के बाहर है ?

   (A) ब्रह्मपुत्र (B) गंगा (C) यमुना (D) नर्मदा

2. 'इग्लू' क्या है ?

   (A) कालाहांडी खानाबदोशों द्वारा शिकार किया जाने वाला एक प्रकार का पशु ।

   (B) आस्ट्रेलिया के मूल निवासियों द्वारा पालतू बनाया गया एक प्रकार का पशु ।

   (C) गुंबद के आकार का एक घर या झोंपड़ी, जो कठोर बर्फ की सिल्ली से बनाया जाता है जिस में एस्किमो रहते हैं ।

   (D) इनमें से कोई नहीं ।

3. प्रच्छन्न (छिपी) बेरोजगारी का परिणाम क्या होता है ?

   (A) लेन-देन की लागत में वृद्धि (B) बाजार में लेन-देन की कम क्षमता

   (C) कुल उत्पादन में गिरावट (D) अनुत्पादक कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि

4. चम्बल नदी किन राज्यों से होकर बहती है ?

   (A) महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश (B) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार

   (C) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान (D) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओड़िशा

5. वह इतालवी यात्री जिस में विजयनगर साम्राज्य का अत्यंत प्रशंसात्मक विस्तृत वर्णन किया है, वह है

   (A) मार्को पोलो (B) निकोलो कोन्टी

   (C) बारबोसा (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. स्वतंत्रता के बाद रियासतों का एकीकरण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका किसके द्वारा निभाई गई ?

   (A) सरदार वल्लभ भाई पटेल (B) जवाहरलाल नेहरू

   (C) महात्मा गांधी (D) बाबू राजेन्द्र प्रसाद

7. 'चरकुला' नृत्य _______________ से संबंधित है।

   (A) गुजरात (B) मध्य प्रदेश (C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

8. हर्षवर्धन की राजधानी कहाँ थी ?

   (A) नालन्दा (B) प्रयाग (C) कन्नौज (D) थानेश्वर

9. बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कहाँ दिया था ?

   (A) सारनाथ (B) बोधगया (C) लुम्बिनी (D) कुशीनगर

10. कम्प्यूटर की स्मृति का मापन किया जाता है

    (A) वोल्ट्स के द्वारा (B) ऐम्पियर के द्वारा (C) बिट्स के द्वारा (D) ओल्म्स के द्वारा

11. अंतरिक्ष में भेजा गया भारत का प्रथम उपग्रह था

(A) भास्कर (B) रोहिणी (C) आर्यभट्ट (D) एप्पल

12. जीवाश्म किस प्रकार के शैल (rocks) में पाई जाती है?

(A) आग्नेय शैल (B) परतदार शैल

(C) रूपान्तरित शैल (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

13. वायुमण्डल में कौन सी गैस सबसे ज्यादा होती है ?

(A) आक्सीजन (B) कार्बन-डाई-आक्साईड

(C) नाइट्रोजन (D) हाइड्रोजन

14. कौन सी हवा वर्ष में दो बार अपनी दिशा परिवर्तित करती है ?

(A) व्यापारिक हवा (B) पछुवा हवा (C) मानसून हवा (D) ध्रुवीय हवा

15. ज्वार-भाटा की उत्पत्ति का कारण है

(A) पृथ्वी का घूर्णन (B) ध्रुवीय उच्च वायु भार

(C) चन्द्रमा का गुरुत्वाकर्षण (D) अनियतवाही हवाएँ

16. गोबी, कालाहारी, आटाकामा, सहारा क्या हैं ?

(A) सब्जी के नाम (B) मरुस्थल

(C) चक्रवाती तूफान (D) शीतोष्ण घास के मैदान

17. जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर कौन थे ?

(A) ऋषभदेव (B) महावीर स्वामी (C) पार्श्वनाथ (D) मल्लिनाथ

18. निम्नलिखित में कौन सी नदी डेल्टा नहीं बनाती ?

(A) गंगा (B) नर्मदा (C) महानदी (D) कावेरी

19. एशियाई खेलों में 400 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन है ?

(A) एम. एल. वल्सम्मा (B) पी. टी. उषा

(C) कमलजीत संधू (D) के. मल्लेश्वरी

20. 'नीलकंठ' में कौन सा समास होता है ?

(A) द्वन्द्व समास (B) द्विगु समास (C) बहुव्रीहि समास (D) कर्मधारय समास

21. उत्तर प्रदेश की कुल आबादी भारत की आबादी का ________ % है ।

(A) 16.4 (B) 23.2 (C) 11.1 (D) 13.2

22. बंगला देश के क्रिकेट मैदान पर किस खिलाड़ी की मृत्यु हुई थी ?

(A) सुभाष गुप्ता (B) लाला अमर नाथ

(C) एम.एल. जैसिंहा (D) रमन लाम्बा

23. निम्नलिखित में गैर परम्परागत उर्जा स्रोत कौन हैं :

A. पवन उर्जा

B. कोयला

C. पेट्रोलियम

D. ज्वार शक्ति

(A) A व C (B) A व D (C) C व D (D) B व D

24. भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(C) श्री कृष्णस्वामी अय्यर (D) श्री के. एम. मुँशी

25. भारत में सम्पत्ति का अधिकार अब रह गया है–

(A) संवैधानिक अधिकार (B) मौलिक अधिकार

(C) कानूनी अधिकार (D) प्राकृतिक अधिकार

26. जिम कार्बेट नेशनल पार्क कहाँ है ?

(A) रामनगर (नैनीताल) (B) दुधवा (लखीमपुर)

(C) बाँदीपुर (राजस्थान) (D) काजीरंगा (असम)

27. सुन्दरबन है

(A) गंगा–ब्रह्मपुत्र डेल्टा में (B) दक्खन के पठार पर

(C) गोदावरी डेल्टा में (D) महानदी डेल्टा में

28. ध्वनि मापक इकाई को कहते हैं

(A) कैलोरी (B) फारेनहाईट (C) न्यूटन (D) डेसिबेल

29. 'हरितगृह प्रभाव' किस गैस के अधिक मात्रा में होने से बढता है ?

(A) कार्बन डाई-आक्साईड
(B) नाइट्रोजन
(C) आक्सीजन
(D) आर्गन

30. ताजमहल बदरंग क्यों हो रहा है ?

(A) नाभिकीय विस्फोटों के कारण
(B) गन्दे खुले नालों के कारण
(C) ज्वालामुखी के उद्गारों से निकली गैस के कारण
(D) अम्लीय वर्षा के कारण

31. अण्टार्कटिका जाने वाले प्रथम भारतीय दल के प्रभारी थे-

(A) डॉ. भाभा
(B) डॉ. एस. जे. कासिम
(C) डॉ. अब्दुल कलाम
(D) डॉ. शान्तिस्वरूप भटनागर

32. निम्नलिखित में कौन संघनन नहीं है ?
ओस, कोहरा, धुआँ, धुन्ध, पाला, मेघ, वर्षा

(A) ओस
(B) कोहरा
(C) धुआँ
(D) पाला

33. निम्नलिखित में उष्ण कटिबन्ध क्षेत्र कौन सा है ?

(A) भूमध्य रेखा से आर्कटिक वृत्त तक
(B) भूमध्य रेखा से अण्टार्कटिक वृत्त तक
(C) कर्क रेखा से मकर रेखा के मध्य
(D) आर्कटिक वृत्त से अण्टार्कटिक वृत्त तक

34. 'उपकार को याद रखने वाला' व्यक्ति कहलाता है

(A) कृतज्ञ
(B) कृतघ्न
(C) कर्मठ
(D) कृतकृत्य

35. निम्नलिखित विकल्पों में से तत्सम शब्द का चयन करें ।

(A) अंस
(B) अंश
(C) अश
(D) अस

36. कल्पक्कम् में स्थित है

(A) तेलशोधनशाला
(B) जल-विद्युत शक्तिगृह
(C) परमाणु उर्जा केन्द्र
(D) परमाणु परीक्षण स्थल

37. 'अपने मुँह मियाँ-मिट्ठू बनना' का अर्थ है

(A) अपनी प्रशंसा स्वयं करना ।
(B) अपना मतलब निकालना ।
(C) अत्यधिक प्रिय होना ।
(D) बहुत समय बाद दिखना ।

38. राज्यसभा की सदस्यावधि होती है

(A) 3 वर्ष (B) 5 वर्ष (C) 6 वर्ष (D) 2 वर्ष

39. देश में मुद्रा की आपूर्ति को नियंत्रित करता है :

(A) भारतीय रिजर्व बैंक (B) स्टेट बैंक आफ इण्डिया

(C) व्यापारिक बैंक (D) राष्ट्रीय आवास बैंक

40. मगध साम्राज्य का अन्तिम शासक कौन था ?

(A) विम्बिसार (B) अजातशत्रु (C) उदयन (D) कालाशोक

41. साँची स्तूप का निर्माण किसने कराया ?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य (B) बिन्दुसार (C) अशोक (D) कौटिल्य

42. सुविख्यात सूर्य मन्दिर किस स्थान पर निर्मित है ?

(A) खजुराहो (B) आबू (C) कोणार्क (D) धार्चुला

43. भारत के वर्तमान राष्ट्रपति कौन हैं ?

(A) प्रतिभा देवी सिंह पाटिल (B) प्रणव मुखर्जी

(C) अब्दुल कलाम (D) उपरोक्त में कोई नहीं

44. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं

(A) केशवानन्द भारती (B) पी. सथाशिवम

(C) मार्खंडे काटजू (D) उपरोक्त में कोई नहीं

45. नीना दावुलुरी क्यों चर्चा में रही ?

(A) नोबल प्राइज जीतने के कारण (B) तालीबान द्वारा हत्या के प्रयास के कारण

(C) मिस अमरीका का ताज मिलने के कारण (D) सिनेट में चुनाव जीतने के कारण

46. आस्ट्रेलिया के नए प्रधान मंत्री कौन हैं ?

(A) टोनी ब्लेयर (B) मिशेल ओबामा

(C) टोनी एबट (D) उपरोक्त में कोई नहीं

47. तेलंगाना राज्य किस राज्य के विघटन से बनने वाला है ?

(A) कर्नाटक (B) आंध्र प्रदेश (C) तमिलनाडु (D) केरल

48. नवम्बर-दिसम्बर 2013 में निम्नलिखित में किस राज्य में विधान-सभा चुनाव नहीं हो रहे हैं ?

(A) राजस्थान (B) मिजोरम (C) मध्यप्रदेश (D) झारखंड

49. वन्य प्राणि सप्ताह प्रतिवर्ष कब से कब तक मनाया जाता है ?

(A) 1 – 7 अक्टूबर (B) 1 – 7 जनवरी

(C) 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर (D) 15 – 22 सितम्बर

50. हाल ही में इस स्वतंत्रता दिवस के ठीक पहले कौन–सी भारतीय पनडुब्बी नष्ट हो गई ?

(A) आईएनएस विभूति
(B) आईएनएस सिंधुरक्षक
(C) आईएनएस सिंधुबर्धन
(D) आइएनएस विक्रमादित्य

51. 'येन' किसकी मुद्रा है ?

(A) जापान
(B) चीन
(C) दक्षिण कोरिया
(D) भूटान

52. रॉबर्ट कैनिगेल की पुस्तक 'द मैन हू न्यू इन्फिनिटी' किसकी जीवनी है ?

(A) होमी भाभा
(B) विक्रम साराभाई
(C) श्रीनिवास रामानुजम
(D) सर सी. व्ही. रमन

53. सार्वजनिक क्षेत्र की दो इकाईयों के नाम बताएं जिन्हें भारत संघ सरकार द्वारा फरवरी 2013 में महारत्न का दर्जा दिया गया।

(A) ONGC और NTPC
(B) BHEL और GAIL
(C) ONGC और GAIL
(D) Coal India और SAIL

54. भारत सरकार द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के जरिए आरंभ की गई विशिष्ट पहचान संख्या (आधार) योजना किसके लिए है ?

(A) भारत का प्रत्येक नागरिक।
(B) केवल वे भारतीय जिनके पास मतदाता पहचान कार्ड है।
(C) गरीबी रेखा से नीचे का प्रत्येक भारतीय।
(D) केवल शहरी क्षेत्र में रहने वाले भारतीय।

55. किस शहर में 2020 के ओलंपिक खेल आयोजित किए जाएंगे ?

(A) पेरिस
(B) टोक्यो
(C) लंदन
(D) न्यू यॉर्क

56. 'मधुशाला' किसकी कृति है ?

(A) उमर खय्याम
(B) शेखसादी
(C) गोपालदास नीरज
(D) हरवंशराय बच्चन

57. भारत के किस राज्य में सन् 2013 में बादल फटने से हजारों लोगों की मौत हो गई ?

(A) उत्तर प्रदेश
(B) हिमाचल प्रदेश
(C) उत्तराखण्ड
(D) जम्मू–कश्मीर

58. डॉक्टर बी. आर. अम्बेडकर पुलिस अकादमी उत्तर प्रदेश में कहां है ?

(A) लखनऊ
(B) मुरादाबाद
(C) कानपुर
(D) अलीगढ़

59. भारतीय वायु सेना के वर्तमान एयर चीफ मार्शल कौन हैं ?

(A) प्रदीप वसन्त नायक
(B) अनिल कुमार ब्राउने
(C) निर्मल कुमार वर्मा
(D) उपरोक्त में कोई नहीं

60. उत्तर प्रदेश के वर्तमान राज्यपाल हैं

(A) श्री टी. वी. राजेश्वर
(B) श्री होरमासजी पेरोशॉ मोदी
(C) श्री बी. एल. जोशी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. भारत का राष्ट्रगान 'जन गन मन' की रचना किसने की ?

(A) रविन्द्र नाथ टैगोर
(B) बंकिम चन्द्र चटोपाध्याय
(C) मु. प्रेम चन्द
(D) अमार्त्यसेन

62. एगमार्क (Agmark) है

(A) अण्डा उत्पादन हेतु एक सहकारी संस्था
(B) कृषि उत्पादों में मंडीकरण हेतु कृषकों की संस्था
(C) खाद्य वस्तुओं के लिए गुणवत्ता आश्वासन मुहर
(D) उपभोक्ता वस्तुओं के लिए गुणवत्ता आश्वासन मुहर

63. निम्नलिखित में से कौन सा वीरता पुरस्कार है ?

(A) इकबाल सम्मान
(B) द्रोणाचार्य पुरस्कार
(C) परम वीर चक्र
(D) भारत रत्न

64. भारत का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य कौन-सा है ?

(A) महाराष्ट्र
(B) कर्नाटक
(C) उत्तर प्रदेश
(D) तमिलनाडू

65. पुस्तक 'देवदास' के लेखक कौन है ?

(A) बंकिम चन्द्र चटोपाध्याय
(B) सरतचन्द्र चटोपाध्याय
(C) हरीश चन्द्र चटोपाध्याय
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

66. निम्नलिखित में से वर्ष 2013 में अर्जुन पुरस्कार किसने प्राप्त किया है ?

(A) विराट कोहली
(B) सुशील कुमार
(C) सायना नेहवाल
(D) हरजोत सिंह

67. AIDS का विस्तृत रूप चुनिए

(A) एन्टी इन्डियन ड्राफ्ट साईट
(B) एन्टी इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम
(C) एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम
(D) कोई नहीं

68. भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर कौन है ?

(A) डॉ. बिमल जालान
(B) डॉ. आईजी पटेल
(C) रघुराम राजन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. 'गोदान' ________ द्वारा लिखा गया है।

(A) कालिदास
(B) मुंशी प्रेमचंद
(C) महादेवी वर्मा
(D) किसन लाल शर्मा

70. 2013 में किसे 'खेल रत्न पुरस्कार' से निम्नलिखित में से किसे सम्मानित किया गया ?

(A) ज्वाला गुट्टा
(B) सायना नेहवाल
(C) रंजन सोदी
(D) विराट कोहली

71. एंजेला मर्केल कौन हैं ?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका की विदेश मंत्री
(B) जर्मनी की चांसलर
(C) आस्ट्रेलिया की नई प्रधानमंत्री
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

72. अक्टूबर 2013 में भारतीय स्टेट बैंक का अध्यक्ष कौन बना ?
(A) सैयद इब्ने अब्बास (B) अरुंधति भट्टाचार्य (C) शिवकीर्ति सिंह (D) नीना दावुलुरी

73. वर्ष 2013 में साहित्य क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया गया ?
(A) एलिस मुनरो (B) रॉबर्ट शिलर
(C) माइकल लेविट (D) मार्टिन कारप्लस

74. शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार निम्नलिखित में से किन कार्यों हेतु प्रदान किया जाता है ?
(A) विश्व में मानवाधिकारों के संरक्षण हेतु
(B) विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में उल्लेखनिय योगदान हेतु
(C) वरिष्ठ नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने हेतु
(D) मराठी भाषा की फिल्मों में श्रेष्ठ योगदान हेतु

75. अग्नि – V क्या है ?
(A) भारत द्वार निर्मित सबसे बड़ा परमाणु बम (B) सतह से सतह पर मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल
(C) भारत में निर्मित भारी बमवर्षक विमान (D) भारत में निर्मित नई इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन

76. उत्तर प्रदेश में 'लायन सफारी' कहाँ बन रहा है ?
(A) एटा (B) ग्रेटर नोयडा (C) गोरखपुर (D) इटावा

77. फेलिन क्या है ?
(A) यूनान का सबसे बड़ा लडाकू जहाज
(B) मलेरिया की नई दवा
(C) अक्टूबर 2013 में बंगाल की खाडी में उठा चक्रवाती तूफान
(D) विश्व में सबसे उंचाई पर स्थित नागरिक हवाई अड्डा

78. ₹ किसका चिन्ह है ?
(A) रूसी रूबल का (B) इंडोनेशियाई रुपईया का
(C) भारतीय रुपया का (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

79. 'ताज एक्सप्रेस वे' किन शहरों को जोडता है ?
(A) आगरा – लखनऊ (B) आगरा – कन्नोज
(C) आगरा – ग्रेटर नोएडा (D) आगरा – ग्वालियर

80. लॉन टेनिस में किस जोड़ी ने 2013 यूएस डबल्स चैम्पियनशिप जीता ?
(A) महेश भूपति – लिएण्डर पेस (B) माइक ब्रायन – बॉब ब्रायन
(C) लिएण्डर पेस – रैडेक स्टेपानेक (D) महेश भूपति – माइक ब्रायन

## भाग – 2 : तार्किक क्षमता

81. अगर '+' का मतलब ÷ है, '–' का मतलब '×' है, '/' का मतलब '+' है और '*' का मतलब '–' है तो 48+12/15*2 – 5 मान क्या होगा ?

(A) 8 (B) 12 (C) 9 (D) 3


82. A, B, C, D, E और F केंद्र की ओर मुंह करके एक वृत्त में बैठे हैं । F, A के दूसरे बाएँ ओर पर है । B, A के दूसरे दाएं ओर पर है । A, D का बाएँ पड़ोसी है । C, F और B के बीच बैठा है । A का बाईं पड़ोसी E है । F का पड़ोसी कौन हैं ?

(A) A, B (B) E, D (C) C, E (D) C, D

83. विषम विकल्प कौन सा है ?

(A) एडमिरल (B) ब्रिगेडियर (C) कर्नल (D) मेजर

84. निम्नलिखित प्रश्नों में गायब संख्या बताएं । निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें।




(A) 25 (B) 49 (C) 100 (D) 16

85. नीचे दिये गये प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़े ।

A, B, C, D और E, सभी के पास 9 गोलियां (कंचे) हैं । B दो गोलियां D को देता है जो एक गोली E को दे देता है। C, पाँच गोलियां E को देता है, जो 2 गोली A को दे देता है । C दो गोलियां B को देता है जो 3 गोलियां E को दे देता है । D तीन गोलियां A को देता है जो 2 गोलियां B को दे देता है ।

A के पास कितनी गोलियां हैं ?

(A) 7 (B) 9 (C) 10 (D) 12


86. राहुल की माँ इकलौती पुत्री है मोनिका के पिता की । मोनिका के पति राहुल के क्या लगते हैं ?


(A) पुत्र (B) चाचा (C) भाई (D) पिता

87. प्रश्न चिन्ह के स्थान पर सही शब्द का चयन करें।

पेन : कवि :: सुई : ?

(A) धागा　(B) बटन　(C) दर्जी　(D) सिलाई

88. 

(A)　(B)　(C)　(D)

89. यह देखते हुए कि :

B की मां A है

A का बेटा C है

E का D भाई है

B की बेटी E है

बताइए, D की दादी/नानी कौन है ?

(A) A　(B) B　(C) C　(D) E

90. यदि 'VICTORY' को YLFWRUB के रूप में कूटबद्ध किया गया है तो 'SUCCESS' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा ?


(A) VXEEIVV　(B) VXFFHVV　(C) VYEEHVV　(D) VYEFIVV

91. यदि P = 6, J = 4, L = 8 और M = 24 है तो कौन-सा नम्बर ? के जगह लेगा M×J÷L + J = ?

(A) 8　(B) 16　(C) 36　(D) 19

92. इन प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से बेमेल खोजें।




(A) मोजार्ट　(B) बाख　(C) सोक्रेट्स　(D) बीथोवेन


93. 



(A) 64 (B) 105 (C) 56 (D) 120


94. यदि वर्ष की 10 जनवरी को बृहस्पतिवार था तो उसी वर्ष (गैर लीप वर्ष) के पहली मार्च को कौन–सा वार होगा ?


(A) रविवार (B) बृहस्पतिवार (C) शुक्रवार (D) शनिवार


95.  के लिए  हो तो  के लिए

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

96. 


(A) 10 (B) 8 (C) 6 (D) 15

97. विषम को ढूंढे :

(A) कोहिमा (B) इटानगर

(C) शिलांग (D) मिज़ोरम

98. यदि A जमा, B घटा, C गुणा तथा D भाग दर्शाता है तो 4A3B3A2 किसके बराबर है ?

(A) 2 (B) 4 (C) 6 (D) 8

99. नीचे चार अक्षर/संख्या समूह दिए गए है। चार में से कोई तीन किसी प्रकार के समान है। इन चार समूहों का विश्लेषण कर उस समूह को पहचाने जो तीन के समान नहीं है।

(A) ZMYL (B) REQD (C) ANBO (D) VIUH

100. एक कैमरे में हमेशा होता है

(A) रील (B) फ्लैश (C) स्टेंड (D) लेंस

101. X और Y दोनों Z के बच्चे हैं। यदि Z, X का पिता है, परन्तु Y, Z का पुत्र नहीं है, तो Y और Z में क्या सम्बन्ध है ?

(A) पुत्री तथा पिता (B) बहन तथा भाई

(C) भतीजी तथा चाचा (D) भाँजी तथा मामा

102. यदि + तथा ÷ को तथा 2 व 4 को आपस में बदल दिया जाए तो निम्नलिखित समीकरणों में कौन सा सत्य है ?

(A) $4 \div 2 + 3 = 4$ (B) $2 + 4 \div 6 = 8$

(C) $4 + 2 \div 6 = 1.5$ (D) $2 + 4 \div 3 = 3$

103. यदि 'आसमान' को 'काला' कहा जाए, 'काला' को 'जल' कहा जाए, 'जल' को 'हरा' कहा जाए, 'हरा' को 'बादल' कहा जाए, 'बादल' को 'नीला' कहा जाए, 'नीला' को 'जमीन' कहा जाए, 'जमीन' को 'लाल' कहा जाए तो मछलियाँ कहाँ रहेंगी ?

(A) काला (B) हरा (C) नीला (D) लाल


104. मनुष्य : चलना :: मछली : ?


(A) तैरना (B) खाना (C) उड़ना (D) दौड़ना


105. दिए गए शब्द को पहचाने जो CLASSIFICATION के अक्षरों से नहीं बन सकता


(A) FICTION (B) ACTION (C) NATION (D) LIAISON

106. निम्नलिखित में कौन सा चित्र 'भवन', 'लम्बा' और 'आदमी' के सम्बन्ध को दर्शाता है ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

107. विषम को ढूंढे

(A) पेट्रोल (B) कोयला (C) ज्वार-भाटा (D) मिट्टी

108. अक्षरों का कौन सा समूह खाली स्थानों पर क्रमावर रखने से ही अक्षर शृंखला को पूरा करेगा ?

ab – d – aaba – na – b adna – b

(A) dbanb (B) andaa (C) dabnd (D) andad


109. एक जूते में हमेशा होगा


(A) फीता (B) चमड़ा (C) सोल (D) जीभ


110. यदि राम और श्याम सुबह के वक्त एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े होकर बात कर रहे थे जिससे राम की छाया श्याम के दाहिनी ओर बन रही थी। श्याम किस दिशा में देख रहा था ?


(A) पूर्व (B) पश्चिम (C) उत्तर (D) दक्षिण

111. कौन सा आरेख दिए गए तीन वर्ग पति, पत्नी तथा परिवार के बीच सम्बन्ध को सही तौर पर दर्शाता है ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 


112. यदि बीता हुआ परसों शनिवार था, तो आने वाला परसो कौन सा दिन होगा ?

(A) शुक्रवार (B) मंगलवार (C) बृहस्पतिवार (D) बुधवार

113. लखनऊ : उत्तर प्रदेश :: राँची : ?

(A) ओड़िशा (B) झारखण्ड (C) उत्तराखण्ड (D) छत्तीसगढ़

114. निम्नलिखित में से उसे चुने जो अन्य विकल्पों से भिन्न है



(A) (B) (C) (D)

115. कितने बतखे कम से कम संख्या में फार्मेशन बना कर तैर सकती है, यदि एक बतख के आगे दो बतखे है और बतख के पीछे दो बतखे है और दो बतखों के बीच में एक बतख हो ?

(A) तीन (B) चार (C) पाँच (D) छः

116. दी गई श्रृंखला में ? की जगह पर सही संख्या चुनें ।

5, 41, 149, 329, ?

(A) 581 (B) 831 (C) 501 (D) 402

117. आप रात को सिनेमा देखकर आ रहे है और अचानक आप देखते है कि कुछ गुंडे दो लड़कियों का पीछा कर रहें है तो आप क्या करेंगे ?

(A) आप गुंडों से कहते हैं कि वहाँ से चले जाए या इसका नतीजा भुगतने को तैयार रहें।

(B) आप लड़कियों के साथ जाकर उन्हें घर तक छोड़ देते हैं ।

(C) आप आसपास के लोगों को इकट्ठा करते है ताकि गुंडों से छुटकारा पाया जाए।

(D) आप चुपचाप देखते हुए निकल जाते हैं।

118. खाली स्थान को भरो

C K : JF :: G T : ____________

(A) M N (B) O P (C) L M (D) N O

119. अगर एक वृत्त की परिधि 3 गुना ज्यादा है छोटे वृत्त से जिसकी त्रिज्या 2 इंच है तो बड़े वृत्त की त्रिज्या क्या होगी ?

(A) 12 इंच (B) 10 इंच (C) 8 इंच (D) 6 इंच

120. खाली स्थान को भरो :

लोलक की गति : आवधिक गति : : घड़ी के हाथ : _________

(A) सीधी गति (B) वृत्तीय गति (C) सरल आवर्त गति (D) तलीय गति

## भाग – 3 : आंकिक क्षमता

121. अगर 70 व्यक्ति 98 मी. लम्बी दीवार को 6 दिन में बनाते हैं तो 40 व्यक्ति 12 दिन में कितने मिटर लम्बी दीवार बना सकेंगे ?

(A) 102 (B) 112 (C) 132 (D) 152

122. एक दुकानदार 1 कि.ग्रा. चाय के क्रय मूल्य के बराबर 950 ग्राम चाय बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत है

(A) $5\frac{1}{5}\%$ (B) $5\frac{5}{19}\%$ (C) 5% (D) $4\frac{1}{19}\%$

123. रु. 2.50 प्रति पेंसिल की दर से पेंसिलें बेचने पर विनोद को रु. 110 का लाभ होता है तथा रु. 1.75 की दर से बेचने पर रु. 55 की हानि होती है। विनोद के पास कितनी पेंसिलें थी ?

(A) 220 (B) 240

(C) 200 (D) निर्धारित नहीं किया जा सकता

124. एक स्कूटर का मूल्य 50,000 रुपए है। हर वर्ष इसके मूल्य में 12% कमी आती है। 2 वर्ष बाद इसका मूल्य क्या होगा ?

(A) 38,720 (B) 37,208 (C) 35,278 (D) 24,476

125. 1 से 50 तक सभी संख्याओं का औसत क्या है ?

(A) 25 (B) 25.5 (C) 26 (D) 50

126. A, B और C की औसत आयु 25 वर्ष है। यदि A और B की औसत आयु 28 वर्ष है तो C की आयु क्या है ?

(A) 21 वर्ष (B) 24 वर्ष (C) 27 वर्ष (D) 19 वर्ष

127. एक परीक्षा में परीक्षार्थी को प्रत्येक सही उत्तर के लिए 5 अंक मिलते हैं तथा प्रत्येक गलत उत्तर के 2 अंक काट लिए जाते हैं। अगर उसने 120 प्रश्नों के उत्तर देकर 285 अंक प्राप्त किए तो उसने कितने प्रश्नों का सही उत्तर दिया ?

(A) 60 (B) 65 (C) 75 (D) 85

128. $\frac{(589+187)^2-(589-187)^2}{589\times187}=?$

(A) 4 (B) 766 (C) 402 (D) $\frac{201}{388}$

129. चार अंकों की वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात करो जिसे 18, 21 व 24 में से प्रत्येक से भाग देने पर शेष 7 बचे।

(A) 9061 (B) 9583 (C) 9621 (D) 9987

130. एक नाव धारा की दिशा में 8 कि.मी. की दूरी 1 घण्टे में तय करती है तथा धारा के विपरीत 2 कि.मी. की दूरी 1 घण्टे में तय करती है। धारा की गति क्या है ?

(A) 1 कि.मी./घण्टा (B) 2 कि. मी./घण्टा (C) 3 कि.मी./घण्टा (D) 4 कि.मी./घण्टा

131. 360 मी. लम्बी रेलगाडी अपने समान लम्बाई वाली प्लेटफार्म को पार करने में 36 सेकण्ड लेती है। रेलगाडी की गति है

(A) 36 कि.मी./घण्टा (B) 72 कि.मी./घण्टा

(C) 80 कि.मी./घण्टा (D) 60 कि.मी./घण्टा

132. 250 मी. लम्बी रेलगाडी ट्रैक के किनारे खडे एक व्यक्ति को 15 सेकण्ड में पार करती है। रेलगाडी की गति है

(A) 48 कि.मी./घण्टा (B) 60 कि.मी./घण्टा

(C) 72 कि.मी./घण्टा (D) 64 कि.मी./घण्टा

133. धातु की दो गोलाकार गेंदे A और B इस प्रकार हैं कि A का व्यास B के व्यास से दोगुना है। A और B के आयतनों का अनुपात क्या है ?

(A) 6 :1 (B) 8 :1 (C) 2 :1 (D) 4 :1

134. यदि 35 घोड़ों के लिए 270 कि.ग्रा. अनाज 21 दिन के लिए पर्याप्त हो तो 28 घोड़ों के लिए 180 कि.ग्रा. अनाज कितने दिनों के लिए पर्याप्त होगा ?

(A) 22 दिन (B) $17\frac{1}{2}$ दिन (C) 15 दिन (D) $21\frac{1}{2}$ दिन

135. एक कारीगर M मिनट में x वस्तुएँ बनाता है। आधे घन्टे में वह कितनी वस्तुएँ बनाएगा ?

(A) M + x (B) M – x (C) $\frac{30x}{M}$ (D) $\frac{x}{2M}$

136. किसी तार को एक वर्ग के आकार में मोडा जाता है तो यह 484 सें.मी.$^2$ क्षेत्रफल का वर्ग बनाता है। अगर इसे वृत्त के आकार में मोडा गया तो वृत्त का क्षेत्रफल क्या होगा ? $\left[\pi = \frac{22}{7}\right]$

(A) 161 सें.मी.$^2$ (B) 616 सें.मी.$^2$ (C) 425 सें.मी.$^2$ (D) 216 सें.मी.$^2$

137. सीमा ने सेविंग बैंक खाते में 5,000 रुपए जमा किए। साधारण ब्याज दर 4% प्रति वर्ष है। $2\frac{1}{2}$ वर्ष बाद कितना मिश्र धन मिलेगा ?

(A) 6,000 रु. (B) 10,000 रु. (C) 5,500 रु. (D) 6,500 रु.

138. रुपए 2,500 पर 12% वार्षिक दर से 1 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा, अगर ब्याज हर छ: माह पर जोडा जाए ?

(A) 309 रु. (B) 903 रु. (C) 909 रु. (D) 303 रु.

139. यदि 75 का x% = 9 हो, तो x का मान होगा

(A) 16 (B) 20 (C) 12 (D) 18

140. एक दुकानदार अपने सामान पर क्रय–मूल्य से 20% अधिक अंकित करता है तथा अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है। उसका लाभ प्रतिशत बताएँ

(A) 10% (B) 12% (C) 8% (D) 20%

141. एक चुनाव में 2 उम्मीदवार थे । हारने वाले उम्मीदवार ने 41% मत प्राप्त किए तथा वह 5,580 मतों से पराजित हो गया। कुल मतों की संख्या कितनी थी ?

(A) 31,000 (B) 30,000 (C) 32,000 (D) 33,000

142. एक राशि A, B और C में 2:5:9 के अनुपात में बाँटी गई । यदि A का भाग 2,500 रुपया है तो कुल राशि कितनी है ?

(A) 20,000 रुपए (B) 17,500 रुपए (C) 12,500 रुपए (D) 22,500 रुपए

143. $2\frac{1}{2}+3\frac{1}{4}+x+2\frac{1}{3}=13\frac{5}{12}$ x का मान है

(A) $4\frac{3}{8}$ (B) $11\frac{9}{11}$ (C) $4\frac{2}{3}$ (D) $5\frac{1}{3}$

144. निम्नलिखित में सबसे बड़ी संख्या कौन है ?

$\frac{7}{9}, \frac{11}{13}, \frac{16}{19}, \frac{21}{25}$

(A) $\frac{7}{9}$ (B) $\frac{11}{13}$ (C) $\frac{16}{19}$ (D) $\frac{21}{25}$

145. चीनी का मूल्य 16.00 रुपए प्रति कि.ग्रा था । उसका मूल्य घटकर 14.00 रुपए प्रति कि.ग्रा. हो गया । मूल्य में कितने प्रतिशत की कमी हुई ?

(A) 12.5% (B) 11.5% (C) 9.5% (D) 8.5%

146. एक आयताकार कमरे की लम्बाई और चौड़ाई में 5:4 का अनुपात है । अगर कमरे की लम्बाई 15 मीटर है तो कमरे का क्षेत्रफल कितना है ?

(A) 225 $m^2$ (B) 180 $m^2$ (C) 200 $m^2$ (D) 220 $m^2$

147. चार छात्र एक मैदान के चारों ओर दौड लगाते हैं । वे क्रमशः 30 सेकण्ड, 40 सेकण्ड, 50 सेकण्ड व 60 सेकण्ड में मैदान का पूरा चक्कर लगाते हैं । यदि वे मैदान के किसी बिन्दु से एक साथ दौडना शुरू करें तो कम से कम कितने समय पश्चात उसी बिन्दु पर पुनः मिलेंगे ?

(A) 1 घन्टा (B) आधा घन्टा (C) 10 मिनट (D) 60 सेकण्ड

148. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक 16 तथा उनका गुणनफल 6400 है । उनका लघुत्तम समापवर्तक है :

(A) 64 (B) 400 (C) 464 (D) 1664

149. वह छोटी से छोटी संख्या बताइए जिसमें 75, 80 और 135 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 3 शेष बचे।

(A) 1353 (B) 10003 (C) 10803 (D) 10800

150. 80 और 90 के बीच अभाज्य संख्या है :

(A) 81 और 83 (B) 83 और 87

(C) 81 और 89 (D) 83 और 89

151. राम और श्याम की उम्र का सापेक्ष अनुपात 4:5 है। छह वर्ष बाद उनकी उम्र का सापे़क्ष अनुपात 6:7 हो जाएगा । उनकी उम्र के बीच अंतर कितना है ?

(A) 2 वर्ष (B) 3 वर्ष

(C) 4 वर्ष (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

152. दो संख्याओं का योग 28 है और उनका अंतर 12 है । संख्याओं का गुणनफल होगा

(A) 420 (B) 300 (C) 160 (D) 240

153. एक व्यक्ति बाजार तक पैदल जाता है और ऑटो से वापस आता है । इस ट्रिप में उसे 90 मिनट लगे । यदि वह दोनों ओर ऑटो से जाता तो उसे 30 मिनट लगते । यदि वह व्यक्ति दोनों तरफ पैदल जाता तो उसे कितना समय लगता ?

(A) 1 घंटा 40 मिनट (B) 2 घंटा 20 मिनट

(C) 2 घंटा (D) 2 घंटा 30 मिनट

154. एक पिकनिक में 240 व्यक्ति गए । इस में महिलाओं की संख्या से पुरुषों की संख्या 20 अधिक है और बच्चों की संख्या से वयस्कों की संख्या 20 अधिक है । पिकनिक में कितने पुरुष हैं ?

(A) 75 (B) 110 (C) 130 (D) 140

155. छह लगातार विषम संख्याओं का योग सबसे बड़ी संख्या के दुगुने से 38 अधिक है । छह संख्याओं का योग निकाले ।

(A) 50 (B) 60 (C) 72 (D) 80

156. अब से आठ वर्ष बाद सीता 6 वर्ष पहले की अपनी आयु की दोगुनी उम्र की होगी । उसकी वर्तमान आयु कितनी है ?

(A) 8 (B) 10 (C) 16 (D) 20

157. संदेशवाहक द्वारा शहर की सीमा में पार्सल भेजने का खर्च पहले कि.ग्रा. के लिए ₹ 60/–तथा अतिरिक्त प्रत्येक कि.ग्रा. के लिए ₹ 48/–है। एक पार्सल जिसका वजन 'P' कि.ग्रा. है, भेजने की लागत रुपए में होगी

(A) 48
(B) 60
(C) 60 + 48 P
(D) 12 + 48 P

158. A ने एक वस्तु जिसका मूल्य ₹ 50 है, B को 20% लाभ पर बेची। B ने वही वस्तु 25% लाभ पर C को बेची। C ने उसे 40% लाभ पर D को बेचा। उस वस्तु का मूल्य जो D ने दिया वह है

(A) ₹ 147
(B) ₹ 105
(C) ₹ 85
(D) ₹ 95

159. राजेश अपने वेतन का 15% मकान किराया, 35% भोजन व 20% बच्चों की शिक्षा में व्यय करता है तथा शेष बचत करता है। अगर उसकी बचत 2,250 रुपए प्रतिमाह है तो राजेश की आय क्या है ?

(A) 10,000 रुपए
(B) 7,500 रुपए
(C) 5,000 रुपए
(D) 2,500 रुपए

160. एक व्यापारी ने 10 क्विंटल गेहूँ 1,000 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा तथा $8\frac{4}{5}\%$ की हानि से बेचा। गेहूँ का विक्रय मूल्य है

(A) 8,100 रुपए
(B) 9,120 रुपए
(C) 9,000 रुपए
(D) 9,020 रुपए